# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में पारित हुए 43 प्रस्ताव : पेपर लीक रोकने के लिए सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश–2024 को मिली मंजूरी।
2. प्रदेश में परीक्षाओं की शुचिता से जुड़े मामलों में दो साल से आजीवन कारावास तक का दंड और एक करोड़ रुपए तक जुर्माने की सजा का किया गया प्रावधान।
3. लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए बतौर एनडीए उम्मीदवार भाजपा के सांसद ओम बिरला और विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के सांसद के0 सुरेश ने नामांकन भरा।

और

4. मौसम विभाग ने प्रदेश में कल से चार दिनों के लिए जारी किया बारिश का ऑरेंज अलर्ट : तापमान में आयेगी दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी प्रदान की गई। इस अध्यादेश के तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सजा के कड़े प्रावधान किए गए हं, जिनमें 2 साल से लेकर आजीवन कारावास तक का दंड और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने को शामिल किया गया है।

बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने मंजूर किए गए प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। बैठक में महिलाओं, बच्चों और गैंगस्टर के मामलों में अग्रिम जमानत नहीं मिलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाया जाएगा और टाटा संस द्वारा सीएसआर फंड के तहत 100 करोड़ से अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग एक रुपये की लीज पर जमीन उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इसमें अभ्यर्थियों को टैबलेट दिए जाएंगे।

साथ ही लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हेलीपोर्ट बनाए जाएंगे। बैठक में कैबिनेट ने तीन बड़े शहरों वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज के सीमा विस्तार को मंजूरी दी। वाराणसी विकास प्राधिकरण, गोरखपुर विकास प्राधिकरण और प्रयागराज विकास प्राधिकरण में कई गांव शामिल किए जाएंगे। इसके साथ ही कैबिनेट बैठक में पर्यटन विभाग के सात प्रस्ताव पास हुए। शाकुंभरी देवी मंदिर के पास पर्यटन विभाग को मुफ्त जमीन आवंटित करने का प्रस्ताव भी पास हुआ। अमेठी, बुलंदशहर, बाराबंकी, सीतापुर में राही पर्यटक आवास गृह को पट्टे पर देने का प्रस्ताव भी पास हो गया है।

——————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उम्मीदवार होंगे, जबकि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के सांसद के0 सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए आज अपना नामांकन भरा। अध्यक्ष का चुनाव कल होगा।

इससे पहले, सरकार और विपक्ष इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में असफल रहे। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस के नेता के0 सी0

वेणुगोपाल और डीएमके नेता टी0 आर0 बालू के साथ बैठक की। विपक्ष के नेता श्री बिरला की उम्मीदवारी पर समर्थन देने से पहले उपाध्यक्ष के नाम की घोषणा करने पर जोर दे रहे थे। श्री गोयल ने कहा कि उन्हें सूचित कर दिया गया है कि उपाध्यक्ष का मुद्दा इसके चुनाव के समय निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष शर्ते रख रहा है जिसे सरकार खारिज कर चुकी है।

*अच्छी परंपरा यह रहती कि लोकसभा निर्विरोध एक सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुनता, तो लोकसभा की भी मर्यादा अच्छी रहती। सभी पक्ष का उसमें योगदान रहता है और स्पीकर वैसे भी किसी सत्तारूढ़ पार्टी या विपक्ष का नहीं होता है, वो पूरे सदन का होता है। वैसे ही उपाध्यक्ष भी कोई पार्टी या दल का नहीं होता, पूरे सदन का होता है।*

इससे पहले, कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष, अध्यक्ष उम्मीदवार को अपना समर्थन देने के लिए तैयार है, लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए विपक्षी पार्टी का उम्मीदवार होना चाहिए।

——————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की उच्च–स्तरीय समिति की कल पहली बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में कहा कि समिति की प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को जानना है और इसके लिए उनसे बातचीत

की जाएगी। सरकार ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की सात सदस्यीय समिति का गठन किया है।

केन्द्रीय जांच ब्यूरो—सीबीआई ने बिहार, गुजरात और राजस्थान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा—नीट यू.जी. में कथित अनियमितताओं के पांच मामलों की जांच शुरू कर दी है। बिहार ईआयू यूनिट ने आज सीबीआई को सभी दस्तावेज सौंप दिए। सीबीआई की टीम दो दिन से पटना में सबूतों और तहकीकात से जुड़े सभी बयानों को देख रही थी। सीबीआई ने गुजरात और बिहार में नए सिरे से एक—एक मामला दर्ज किया है। वहीं राजस्थान में भी तीन मामले दर्ज किए गए हैं। सी.बी.आई. महाराष्ट्र के लातूर का एक अन्य मामला भी अपने हाथों में ले सकती है।

——————————

## लेते है एक ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

*सिकल सेल एनिमिया जिंगल*

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारां का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

राष्ट्रीय सिकल सेल एनोमिया उन्मूलन मिशन के माध्यम से भारत का लक्ष्य 2047 से पहल सिकल सेल रोग को खत्म करना है। केजीएमयू लखनऊ के हिमोटोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर शैलन्द्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि एक जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मिशन की शुरूआत की थी और अब तक एक करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। बाइट...

*प्रधानमंत्री जी ने फर्स्ट जुलाई 2023 को एक मिशन का शुभारम्भ किया था, नेशनल सिकल सेल एनीमिया एलीमीनेशन प्रोग्राम जिसके अंदर लगभग सात करोड़ लोगो का स्क्रीनिंग होना है और पिछले एक साल में लगभग एक करोड़ लोगो का स्क्रीनिंग हो चुका है और जो लोगो का स्क्रीनिंग हो रहा है उनकी पहचान करके उनको एक सिकल सेल का आईडेंटीफिकेशन कार्ड प्रोवाइड किया जा रहा है, जिसके हिसाब से पता लग सकता है की ये सिकल सेल ट्रेट या सिकेल सेल डिसीज से ग्रसित है और उस हिसाब से अगर वो मैरिज के लिए जाते है तो दूसरा पार्टनर है उसका कार्ड देख के और इनका कार्ड मैच करके ये पता लगा सकता है कि ये कम्पिटेबल है। ये मैरिज कर सकते है या नहीं कर सकते है और फरदर उसको ट्रांसमिशन के लिए अगर एवाइड करना है तो वो स्टेप्स लिए जा सकते है।*

————————

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। न्याय सुधार की भावना में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य

अधिनियम अंतरराष्ट्रीय निहितार्थों के साथ अभूतपूर्व प्रावधान पेश करते हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय अपराध वाले मामलों में सहयोग के लिए उन्नत रूपरेखा और नए प्रावधान हैं। इन कानूनों के लागू होने से घोषित अपराधियों की विदेश में संपत्ति की कुर्की हो सकेगी। साथ ही  बलात्कार, हत्या, संगठित अपराध, आतंकवादी गतिविधि सहित 100 से अधिक अपराधों को कानून में शामिल करते हुए दायरा बढ़ाया गया है। ये कानून जांच  में  अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं।

नये आपराधिक कानूनों पर सुनिए उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के साथ आकाशवाणी लखनऊ की खास बातचीत। कल सुबह सवा नौ बजे 747 किलोहट्र्ज एएम पर।

———————

प्रदेश के कई जनपदों में आज आंधी और बारिश ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाई। अम्बेडकरनगर, बदायूं, सुल्तानपुर समेत अन्य जनपदों में बारिश से मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग ने कल से अगले चार दिनों के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और बारिश की संभावना है। वहीं गोण्डा, बहराइच, गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, मऊ, और अयोध्या समेत

पूर्वी उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि कल के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

——————————